Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Demand to transfer the amount of subsidies directly to the farmer's account.

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्रभाई मोदी जी, अध्यक्ष और गृह मंत्री अमितभाई शाह और पूरे मंत्रिमंडल का आभार मानता हूं । मैं गुजरात के आनंद क्षेत्र से आता हूं, जो कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मभूमि है । वहां अमूल डेयरी भी है । हमारी सरकार पहले ही किसानों की आय दोगुनी करने का निर्णय ले चुकी है । सरकार ने कुछ दिन पहले किसानों को एक वर्ष में 6 हज़ार रुपये देने की घोषणा की, तो तुरंत ही किसानों के खातों में 4 हज़ार रुपये पहुंचा दिए गए । इससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और उनको प्रसन्नता हुई है । उन्हें यह विश्वास हो गया है कि सरकार उनके हित में काम करने का विचार रखती है ।

मैं यहां यह भी उल्लेख करना चाहता हूं कि हमारी सरकार किसानों को खाद्य, बीज तथा खेती उपकरण तथा फर्टिलाइज़र खरीदने के लिए सब्सिडी के रूप में उनकी सहायता कर रही है, किंतु परोक्ष रूप से होने के कारण उनको यह महसूस नहीं होता कि सरकार उनकी मदद कर रही है । किसानों को जो सब्सिडी मिलनी चाहिए, वह उनको तुरंत नहीं मिलती है, बीच में बिचौलिये लोग भी हैं । मेरी मांग है कि सरकार द्वारा उक्त सब्सिडी को बंद कर के उनके खर्च की धनराशि को डायरेक्ट उनके खाते में डाला जाए । जो 6 हज़ार रुपये उन्हें मिल रहे हैं, यह धनराशि उन्हें अगर डायरेक्ट खाते में मिल जाए, तो किसानों को प्रसन्ता होगी ।

अत: मैं माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री से मांग करता हूं कि सभी सब्सिडीज़ को बंद कर के किसानों के खाते में इस राशि को जमा करने का कष्ट करें, ताकि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार इसे खर्च कर सकें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री मितेश पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।